>

Title: Regarding problems due to heavy rain in Mumbai.

श्री राहुल रमेश शेवाले : अध्यक्ष महोदय, दो दिनों से मुंबई में भारी बारिश हो रही है । 44 सालों में जितनी बारिश नहीं हुई थी, पिछले दो दिनों उतनी बारिश मुंबई में हो रही है । मुंबई की स्थिति बहुत ही खराब है । वहां का जन-जीवन पूरा रुका हुआ है । वहां पर भारी बारिश की वजह से दुर्घटना भी हुई है । पिछले दो-तीन दिनों से मुंबई और महाराष्ट्र के पुणे में कम्पाउंड वॉल गिरने के कारण लोगों और मजदूरों की मौत हुई है । बिल्डिंग स्ट्रक्चर हो या कम्पाउंड वॉल हो, यह स्ट्रक्चर स्टैबिलिटी और स्ट्रक्चर सेफ्टी के नार्म्स के हिसाब से होना चाहिए । ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैण्डर्ड्स और नेशनल इंडियन कोड के हिसाब से होना चाहिए । केन्द्र सरकार के माध्यम से नेशनल बिल्डिंग कोड बनाया जाता है, लेकिन स्टेट गवर्नमेंट और म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन उसको इंप्लीमेंट नहीं करती हैं । इसका कारण है यह कि नेशनल बिल्डिंग कोड रेकमेन्डेटरी है, मैन्डेटरी नहीं है । इसलिए स्टेट गवर्नमेंट और म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन उसको फॉलो नहीं करती हैं । अगर नेशनल बिल्डिंग कोड को फॉलो करेंगे, तो कम्पाउंड वॉल गिरने की दुर्घटना नहीं होगी ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से यह अनुरोध करता हूं कि नेशनल बिल्डिंग कोड मैन्डेटरी होना चाहिए । मैं आपके माध्यम से सरकार से यह भी अनुरोध करना चाहता हूं कि मुंबई के जो हालात हैं, उसमें केन्द्र सरकार, राज्य सरकार और म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन को मदद करे, स्पेशली रेलवे मंत्रालय के माध्यम से । वहां पर रेलवे के हालात बहुत ही खराब हैं । मुंबई लोकल बंद होने की वजह से जो मुंबई के पैसेन्जर्स हैं, उनको बहुत दिक्कत हो रही है । अतः मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि रेलवे मंत्रालय और केन्द्र सरकार मुंबई के हालातों को सुधारने में मदद करें ।

माननीय अध्यक्ष : *m06 कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री राहुल रमेश शेवाले द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।